**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 927**

**जिसका उत्तर सोमवार, 2 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है**
**ब्रिक्स मुद्रा पर भारत का रुख**
**श्री एम.के. राघवन:**

**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

**(क) क्या सरकार को ब्रिक्स राष्ट्रों की संयुक्त मुद्रा के संबंध में की गई किसी पहल की जानकारी है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और संभावित ब्रिक्स मुद्रा के संबंध में चर्चाओं पर भारत के रुख क्या हैं; और**

**(ग) भारत में न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं सहित ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक में भारत के योगदान का ब्यौरा क्या है और ये परियोजनाएं किस प्रकार भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं?**

**<u>उत्तर</u>**
**वित्त राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

**(**क) और (ख) वर्ष 2024 के दौरान, ब्रिक्स की अध्यक्षता में, रूस ने "अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक और वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए ब्रिक्स अध्यक्षता अनुसंधान" शीर्षक पर एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में अंतर-सीमा भुगतान, निवेश, संप्रभु भंडार, विकास तंत्र, वैश्विक वित्तीय सुरक्षा तंत्र और वैकल्पिक मुद्रा तलाशने के लिए मौजूदा तकनीक का लाभ उठाने से संबंधित मौजूदा प्रणालियों और संभावित विकल्पों के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया हैं। इस रिपोर्ट को ब्रिक्स के वित्त मंत्रियों, सेट्रल बैंक गवर्नर्स और शीर्ष नेताओं ने नोट कर लिया हैं।

(ग) ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) में भारत का योगदान 2.0 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जिसका भुगतान वित्त वर्ष 2015-16 से 2021-22 तक सात किश्तों में किया गया है। आज की स्थिति के अनुसार, भारत में एनडीबी द्वारा वित्तपोषित 4867 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ऋण राशि से 20 विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाएं चल रही हैं। इन परियोजनाओं में शहरी केंद्रों के लिए परिवहन अवसंरचना, एकीकृत जल संरक्षण, जलापूर्ति और बाढ़ क्षेत्र प्रबंधन, ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जो भारत की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप हैं।

***